हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 5 जुलाई 2025

04 हे मेघ...! ये कैसी मेहरबानी आफत में पड़ी कई जिंदगानी

07 समाज को समर्पित संस्थान है जन अभियान...




कमिश्नर ने संभाग स्तरीय बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की

## सभी अधिकारी मुख्यालय में रहकर कार्य करें, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से बच्चों को सभी संदर्भ सेवाएं दिलाएंः कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को मुख्यालय में रहकर शासकीय दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि सभी शासकीय अधिकारी, कर्मचारी उनके लिए नियत किए गए मुख्यालय में रह कर अपने शासकीय दायित्वों का निर्वहन करें, इससे उनके शासकीय कार्यों में गतिशीलता आएगी। कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से बच्चों और महिलाओं को पोषण आहार और सभी संदर्भ सेवाएं मिलना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सागर संभाग के सभी आंगनवाड़ी केन्द्र समय पर खुलें आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों की समुचित संख्या हो इसकी व्यवस्था अधिकारी सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने यह निर्देश आज सागर संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।


कमिश्नर ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और पर्यवेक्षक निर्धारित मुख्यालय में रहकर कार्य करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि संयुक्त संचालक, उपसंचालक, परियोजना अधिकारी आंगनवाड़ी केन्द्रों की निरंतर मॉनीटरिंग कर आंगनवाड़ी केन्द्रों को स्वच्छ और सुन्दर बनाएं।कमिश्नर ने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से बच्चों और महिलाओं को संदर्भ सेवाएं मिलना ही चाहिए। बैठक में कमिश्नर ने सागर संभाग में आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवनों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग में स्वीकृत आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण प्राथमिकता से पूर्ण कराएं। बैठक में कमिश्नर ने प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना की जिलेवार समीक्षा की।समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ हितग्राहियों को प्राथमिकता के साथ दिलाना सुनिश्चित करें। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग के सभी स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों को बेहतर से बेहतर उपचार मिले, यह सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुनिश्चित करें। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग के सभी जिलों में वर्षाकाल में होने वाले संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए पुख्ता इंतजाम करें। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों और उपस्वास्थ्य केन्द्रों में सर्पदंश से पीढ़ति व्यक्तियों के उपचार के लिए दवाईयों का भण्डारण कराएं और एण्टीवेनम इंजेक्शनों की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं।बैठक में कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग में दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए एएनएम की सतत उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण की स्थिति की भी सतत रूप से समीक्षा करें।

कमिश्नर ने संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सागर संभाग को निर्देश दिए कि वह संभाग स्तर पर जिले स्तर पर खंड चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक लेकर स्वास्थ्य सेवाओं की सतत रूप से समीक्षा भी करें। बैठक में कमिश्नर द्वारा शिक्षा विभाग, द्वारा चालू शिक्षा सत्र के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा गया कि चालू शिक्षा सत्र में स्कूली छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकों, साईकिलों को वितरण करना समय पर सुनिश्चित कराए। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि स्कूलों में शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराएं और छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग में कम परीक्षा परिणाम वाली शालाओं को चिन्हित करें तथा ऐंसी शालाओं का परीक्षा परिणाम क्यों खराब हुआ इसकी समीक्षा कर ऐंसी शालाओं की शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार करें। बैठक में कमिश्नर ने लोक निर्माण विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, किसान कल्याण विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास राकेश शुक्ला, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं नीना गिडियन, अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## आज का युग एआई का, सभी छात्र स्मार्ट बन अपने भविष्य को उज्जवल बनाएंः सांसद

### महाकवि पद्माकर सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न, तीन हजार से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को की गई लैपटॉप राशि हस्तांतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



आज का युग आर्टिफीसियल इंटेलीजेंसी का सभी छात्र स्मार्ट बन अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं। उक्त विचार सागर सांसद लता बानखेड़े ने महाकवि पद्माकर सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम तीन हजार से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप राशि हस्तांतरित कार्यक्रम में व्यक्त किए।

कार्यक्रम में सांसद लता वानखेड़े ने कहा कि आज का दिन गौरवान्वित करने का दिन है जब प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर प्रदेश के 94 हजार से अधिक भविष्य निर्माताओं को टेक्नोलॉजी के युग से जोड़ने का कार्य लैपटॉप की राशि प्रदान कर किया जा रहा है जिसमें सागर में 3400 से अधिक बच्चों को राशि प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज का युग एआई का युग है और इस एआई के माध्यम से हमें अपने भविष्य को निर्धारित करना है, यह लैपटॉप एक उपकरण नहीं बल्कि आपको डिजिटल युग की ओर ले जाने वाला माध्यम होगा। उन्होंने कहा कि प्रगति पथ पर आंगे चलकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें और आंगे बढ़े।

विधायक शैलेन्द्र जैन ने कहा कि यह लैपटॉप की राशि वितरण कार्यक्रम हमारे बच्चों के तकदीर और तस्वीर बदलने का कार्य करेगी क्योकि जब हमारे बच्चे इस लैपटॉप से कार्य करेंगे तो न केवल समय की बचत होगी बल्कि इंटरनेट के माध्यम से उच्च शैक्षणिक जानकारी भी प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने उन कमजोर अभिभावकों की नब्ज को पकड़ा और उनके प्रतिभाशाली बच्चों को आंगे बढ़ने के लिए लैपटॉप उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। सभी बच्चे अपना बड़ा लक्ष्य निर्धारित करें और मंजिल को प्राप्त करें।

जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि यह लैपटॉप हमारे मेधावी छात्रों को उनके भविष्य की नई दिशा प्रदान करने और उच्च शिक्षा में मदद करेंगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार शिक्षा के साथ सभी वर्गों एवं क्षेत्रों में विकास के लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम का संचालन रचना तिवारी ने किया एवं आभार जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द जैन ने माना।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, सुनील देव, कलेक्टर संदीप जी आर, जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द जैन, अभय श्रीवास्तव, उषा जैन, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं मेधावी छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### चातुर्मास हेतु मुनिसंघ का मंगल प्रवेश आज

**रहली।** संत शिरोमणि, प्रातः स्मरणीय आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य अध्यात्म विद्या के आलोक स्तंभ, आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती अभिक्षण ज्ञानोपयोगी, निर्यापक श्रमण श्री १०८ अभय सागर जी ससंघ मुनि प्रभात सागर जी मुनि चंद्र सागर जी मुनि निरीह सागर जी, ऐलक श्री उद्यम सागर जी ऐलक श्री गरिष्ठ सागर जी महाराज वर्ष 2025 का परम पावन मंगल चातुर्मास, पुण्यभूमि रहली पटनागंज में, संतशरण और दिव्य वातावरण में सुसंपन्न होने जा रहा है।
वर्ष 2025 के मंगल वर्षायोग का प्रथम शुभ आयोजन अभय सिंधु ससंघ का महामंगल प्रवेश 05 जुलाई शनिवार को प्रातः 7 बजे होने जा रहा है आगवानी अस्पताल चौराहा वाई पास पर होगी।

### जिले में अब तक 191 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 191 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक राहतगढ़ केन्द्र पर सर्वाधिक 295.7 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 145.7 मि.मी., जैसीनगर में 131.7 मि.मी., राहतगढ़ में 295.7 मि.मी., बीना में 170.2 मि.मी., खुरई में 239.4 मि.मी, मालथौन में 181 मि.मी., बण्डा में 155.4 मि.मी, शाहगढ में 223 मि.मी, गढ़ाकोटा में 192.6 मि.मी, रहली में 198.6 मि.मी, देवरी में 107.7 मि.मी. तथा केसली में 251.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### कारीगरों को सहायता देने पीएम विश्वकर्मा योजना

**सागर।** पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता देने के लिये पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। योजना में टूल किट खरीदने के लिये 15 हजार रूपये का अनुदान मिलेगा। साथ ही पहली बार में एक लाख और दूसरी बार में 2 लाख रूपये का सस्ता ऋण मिलेगा। प्रारंभिक प्रशिक्षण 5 से 7 दिन का और 15 दिन का एडवांस प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान 500 रूपये प्रतिदिन भत्ता भी मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद सर्टिफिकेट भी मिलेगा। प्रशिक्षण के लिये हितग्राहियों के चयन की प्रक्रिया जारी है।




## नवागत तहसीलदार एम.के चौबे का अधिवक्ता संघ ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

सागर जिले के गढाकोटा में शुक्रवार के दिन अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा ने नवागत तहसीलदार एम.के चौबे का स्वागत अर्थात वेलकम पार्टी रखी गई, जिसमें नवागत तहसीलदार महोदय का अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा के अध्यक्ष जमील कुरैशी के द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने भी फूल माला से स्वागत किया इस स्वागत पार्टी में अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा के अध्यक्ष अन्य साथी अधिवक्ता गढ़ ने तहसील न्यायालय में होने वाली न्यायिक प्रक्रिया के दौरान अपनी-अपनी समस्याओं को तहसीलदार महोदय के समक्ष रखा और अपेक्षा की, कि वे शीघ्र समस्त समस्याओं का समाधान करेंगे । उक्त अवसर पर नवागत तहसीलदार ने भी अधिवक्ताओं की समस्याओं पर शीघ्र ही समाधान करने के संबंध में निर्णय लेने का आश्वासन दिया तथा मिलजुल कर काम करने का सभी से अपेक्षा की । स्वागत कार्यक्रम में अधिवक्ता जे पी चौदहा, अब्दुल फारुक खान, डॉ राजेंद्र चौबे, जागेश्वर खरे, डीपी लड़किया, विनोद पटेल, राजाराम कोरी, सतीश गुप्ता, कैलाश नाथ श्रीवास्तव, मनीषा सोनी, राम सजीवन चौबे, विवेक भागवत, शशि कुमार खत्री, शंभू शंकर राय, टीकाराम पटेल, कमलेश पटेल, उमेश कुर्मी आदि अधिवक्ता उपस्थित थे व तहसील कार्यालय के कर्मचारी गढ़ भी उपस्थित थे। अंत में कार्यक्रम उपरांत संघ के सचिव डीपी लड़िया ने आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम का संचालन राजाराम कोरी पुस्तकालय अध्यक्ष द्वारा किया गया।

## बेहतरी की जंग यदि खुद से हो तो अदभुत परिणाम निकल कर आते हैंः नपा अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली




सांदीपनी विद्यालय रहली के उत्कृष्ट सभागार में मेधावी छात्र, प्रोत्साहन योजनांतर्गत लेपटॉप राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका परिषद रहली के अध्यक्ष देवराज सोनी ने मेधावी विद्यार्थियों से कहा कि आप के चेहरे में मुझे क्षेत्र और देश का भविष्य नजर आ रहा है। माना की प्रतिभा प्रोत्साहन की मोहताज नहीं होती, लेकिन प्रोत्साहन का अपना अलग महत्व हे। जब जामवंत जी ने हनुमान जी को प्रोत्साहित किया तो सागर लांघकर लंका दहन कर आए थे। भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को प्रोत्साहित किया तो महाभारत जीत लिया था। हमारी सरकार लगातार प्रोत्साहित करने तमाम योजनाएं चला रही है। आप सभी ने मेहनत लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से सुनहरी सफलता को अर्जित किया है। नगरवासियों को आप पर गर्व है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ जनप्रतिनिधि सुरेश कपस्या ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों ने अपने माता पिता और गुरुओं का मार्गदर्शन ही आपको उच्चतम शिखर तक ले जा सकता है।

कार्यक्रम में भाजपा नेता राजेंद्र जारोलिया, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि मनोज तिवारी गढ़ाकोटा, डॉक्टर मनोज जैन, सहायक संचालक स्वाति दुबे, बी ई ओ इंदुनाथ तिवारी, सांदीपनी विद्यालय रहली प्राचार्य वी के पचौरी, प्राचार्य कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहली अरुणा शास्त्री, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अर्चना वर्मा, बी आर सी आर डी अहिरवार, शालिनी दुबे ने भी संबोधित कर उत्साहवर्धन किया। छात्र कार्तिक अहिरवार, साक्षी तिवारी, स्वाति कुर्मी एवं योगिता रैकवार को प्रतीकात्मक रूप में 25 –25 हजार रुपए के डमी चेक प्रदान किए गए।

आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के आतिथ्य में भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। रहली विकास खंड के 413 विद्यार्थियों को एक करोड़ तीन लाख 25 हजार रुपए की राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। सबसे खास बात रही की शासकीय विद्यालय के 297 एवं प्राइवेट स्कूलों के 116 विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

कार्यक्रम का संचालन घनश्याम दुबे एवं आभार प्रदर्शन दिलीप कुमार चौबे ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक यतेंद्र समाधिया सलामत खान, गोविंद सिंह ठाकुर, शिव शंकर रैकवार, शैलेंद्र जैन, संतोष जैन, श्यामाचरण कुर्मी, मनोज मिश्रा, आशीष साहू, देवेंद्र, प्रकाश शर्मा, सतीश प्रजापति, दीपक राजपूत,संजय तिवारी, मनीष जैन, कमलेश दुबे, कमलेश कोरी, राज किशोर कुर्मी, यशी पटेरिया सहित मेधावी छात्र छात्राओं सहित उनके अविभावक उपस्थित थे।

## स्वर्गीय माता-पिता की स्मृति में सीताराम नाम लेखन हेतु निशुल्क कापियां की दान



**सागर।** श्री संकटमोचन सरकार डाईट सिरोंजा सागर की अनुकम्पा से अप्रैल 2012 से श्री सीताराम नाम लेखन का कार्य धर्म प्रेमी बन्धुओं द्वारा आरंभ किया गया था। जिसके लिए नाम लेखन हेतु कापियों एवं पेन का वितरण समिति द्वारा निशुल्क किया जा रहा है। अभी तक श्री सीताराम नाम लेखन अठारह सवा करोड बार किया जा चुका है। अप्रैल 2012 से नाम लेखन कार्य हेतु 11000 कापियों का वितरण किया जा चुका है। इस कार्य में लगभग दो लाख रुपए मूल्य की कापियों का निशुल्क वितरण किया जा चुका है। 19 वे सवा करोड़ के नाम लेखन कार्य हेतु समिति के व्यवस्थापक पं सुरेशचंद्र द्विवेदी द्वारा अपने स्वर्गीय माता पिता की स्मृति में कापियों के लिए दस हजार रुपए की राशि पूर्व से ही दान कर दी गई है। उक्त जानकारी देते हुए सहव्यवस्थापक पं ब्रजेश द्विवेदी ने बताया कि आगामी लेखन कार्य हेतु अपने-अपने स्वर्गीय माता पिता की स्मृति में श्री सीताराम नाम लेखन कार्य हेतु पं रामरतन तिवारी पीपरा वाले, अम्बिका प्रसाद तिवारी यादव कॉलोनी द्वारा (अपने स्वर्गीय पुत्र की स्मृति में ), वाई के नामदेव सागर बैंक मैनेजर पं गोपालप्रसाद शर्मा तहसीली सागर, पं अखिलेश्वरनाथ शुक्ला श्रीराम कॉलोनी, पं ब्रजेश द्विवेदी सह व्यवस्थापक सनराईज मेगा सिटी सागर द्वारा अपने स्वर्गीय पिता पं एल एन द्विवेदी प्राचार्य डाइट सागर एवं अपनी स्व. माता कल्पना द्विवेदी की स्मृति में एवं कृष्णकुमार अग्रवाल द्वारा अपने स्वर्गीय परिजनों की स्मृति में श्री सीताराम नाम लेखन हेतु कापिया छपवाने के लिए 10-10 हजार रु दान दिया गया है। सहव्यवस्थापक पं ब्रजेश द्विवेदी ने बताया सीताराम नाम लेखन हेतु भक्तो को निशुल्क कापियों का वितरण सीताराम नाम बैंक हनुमान दुर्गा भैरव धाम मंदिर तहसीली से किया जाता है और 01 अगस्त से स्वंय के निज निवास जय गुरुदेव भवन सनराइज़ मेगासिटी में भी रविवार के दिन 12 बजे से लेकर 4 बजे तक भक्तगण निशुल्क कापिया प्राप्त कर सकते है ।



## सागर शहर से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जन 8 जुलाई को अशोकनगर जाएंगेः पचौरी

**सागर।** विगत दिनों अशोक नगर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के द्वारा एक पीड़ित की आवाज को उठाए जाने पर उन्हीं के विरुद्ध षड़यंत्र पूर्वक एफ आई आर दर्ज करने का काम प्रशासन और भाजपा शासन में किया गया. जिससे कांग्रेस प्रदेश में भाजपा शासन की नाकामियों उजागर न हो पाए। इस तारतम्य पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सोपा गया था। आज जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजकुमार पचौरी की अध्यक्षता में जिला शहर कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पटवारी के खिलाफ एफ आई आर वापिस लेने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष पचौरी नें कहा कि यदि दर्ज मामला 8 जुलाई के पूर्व वापिस नहीं लिया गया तो 8 जुलाई को सागर शहर से सेकड़ो की संख्या में अशोकनगर जाकर विरोध करेंगे। बैठक का संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एव प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी नें तथा आभार सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे नें व्यक्त किया। इस अवसर पर जितेंद्र रोहन, सेवा दल ग्रामीण अध्यक्ष महेश जाटव, प्रवक्ता अवधेश तोमर शैलेन्द्र तोमर,मु कुल पुरोहित,कमलेश तिवारी,सुरेश पिंजवानी,जमना प्रसाद सोनी, नीलेश अहिरवार, सुल्तान कुरैशी,मीरा अहिरवार,रजिया खान,रेखा सोनी, लक्ष्मी अहिरवार, कुंजी लाडिया, गोपाल कृष्ण तिवारी, हरीश सोनवार, बाबू मच्छंदर,राहुल खटीक,गोपाल प्रजापति, महेश अहिरवार,ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम नारायण विश्वकर्मा, दीनदयाल तिवारी, पवन जाटव,कुंजी लड़यिा, दुलीचंद सकवार, भैयन पटेल, श्रीदास रैकवार, अशोक नागवानी, पप्पू गोस्वामी, अरविन्द ठाकुर, काशीराम प्रजापति, रामगोपाल यादव सुनील पावा, वीरू चौधरी आदि उपस्थित थे।

श्री रविशंकर जी महाराज रावतपुरा सरकार के प्राकट्योत्सव पर आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

## रक्त दुर्लभ ईश्वरीय देन है जो रक्तदान से ही मिलना संभवः भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



रक्त ऐसी ईश्वरीय देन है जिसे कृत्रिम रूप से निर्मित नहीं किया जा सकता, किसी मनुष्य के दान से ही इसकी उपलब्धता संभव हो सकती है। इसलिए रक्तदान महादान है। यह उद्गार पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने श्री रविशंकर जी महाराज रावतपुरा सरकार जी के प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में सागर स्थित वेदांती आश्रम में श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर व निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि सागर तथा बुंदेलखंड के अनेक स्थानों पर पूज्य रावतपुरा सरकार महाराज जी के चरणों की कृपा से धर्म और अध्यात्म के साथ लौकिक शिक्षा के रूप में भी मानव कल्याण के सेवा प्रकल्प चल रहे हैं। सागर में पूज्य महाराज श्री ने शिक्षा का केंद्र बनाया और साथ ही भगवान शिव जी की विशाल प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा कराया इसके लिए उनका अभिनंदन और बारंबार प्रणाम है। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि संत हमारे जीवन में धर्म और ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने बताया कि महाराज श्री की प्रेरणा से 11 वर्ष पूर्व मैंने अपने जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाने की शुरुआत की थी जिसमें अभी तक 14 हजार यूनिट से अधिक रक्तदान हो चुका है। इसी वर्ष लगभग 1600 यूनिट रक्त संग्रहीत किया गया। महाराज जी की प्रेरणा से ही हमने अपने कार्यालय में निःशुल्क ब्लड हेल्पलाइन सेवा आरंभ की जिसके माध्यम से जरूरतमंदों को शीघ्रता से उसी दिन ब्लड उपलब्ध कराया जाता है। गत सप्ताह 48 जरूरतमंदों को इस हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से निःशुल्क ब्लड उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविरों के कारण रक्तदान के लिए आमजन में जागरूकता आई है।

इस अवसर पर अपने आशीष वचनों में श्री रविशंकर जी महाराज रावतपुरा सरकार ने कहा कि सब कुछ प्राप्त हो सकता पर ब्लड नहीं मिल सकता जब तक कि कोई मनुष्य रक्तदान के माध्यम से रक्त नहीं दे। रक्त दान बहुत ही श्रेष्ठ कार्य है। भूपेंद्र सिंह ने रक्तदान शिविरों से 14 हजार यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले सभी जन साधुवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा टीकाकरण भी बहुत आवश्यक है। ऐसे कार्यों में सभी सहयोग दें।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक आस्तिक ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि श्री रामायण जी का अवगाहन है कि बिना हरि की कृपा के प्राप्ति नहीं हो सकती। महाराज जी को देखने का अनुभव अलग ही है। जबलपुर के ग्वारीघाट पर चातुर्मास के दौरान उनके दर्शन करने का सौभाग्य मिलता रहा फिर टीकमगढ़ जिले के छीपरी गांव भी जाना हुआ। उनको देखने से ही ऊर्जा का वेग प्रस्फुटित होता है। सेवा, धर्म का प्रचार, समरसता के कार्य, वेद आध्यात्म की शिक्षा के साथ साथ महाराज जी के प्रकल्पों में लौकिक शिक्षा भी समाज को मिलती है। मनुष्य को 16 संस्कारों और चार पुरुषार्थों की शिक्षा यहां वेदपाठी विप्रों को प्राप्त होती है। उनके जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले पुण्य भागी हैं। उन्होंने कहा कि सभी को रक्तदान करना चाहिए, उन्हें भी जो दूसरों के रक्त से स्वस्थ होते हैं उन्हें भी रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।

वेदांती आश्रम पहुंचे पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने श्री रविशंकर जी महाराज रावतपुरा सरकार व अन्य अतिथियों के साथ रक्तदाताओं को प्रमाणपत्रों का वितरण किया।

## लोगों की सुबह आंख खुली तो भीषण बारिश के चलते जलमग्न मिली जमीन

एक रात में ही प्रकृति ने बदला शहर व जिले का नक्शा


# हे मेघ...! ये कैसी मेहरबानी आफत में पड़ी कई जिंदगानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

प्रकृति की असीमित क्षमता के सामने आज भी इंसान कितना बेबस और लाचार है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सिर्फ कुछ घंटो की भीषण बारिश ने एक रात में ही शहर व जिले का ऐसा नक्शा बदला कि सुबह ज़ब लोगो की नींद खुली तो स्वयं को चारो ओर से पानी के बीच घिरा हुआ पाया। चाहे सडके हो या जमीन, गलियां हो या घर। सभी स्थान जलमग्न हो गए। उक्त स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सुबह 6 बजे से कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय व अन्य प्रशासनिक अधिकारी इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए सड़को पर उतर आये। साथ ही एक पशु स्वान की चारो ओर पानी से घिरे एक बाईक पर मासूमियत के साथ बैठे हुए वायरल फोटो से भी स्थिति की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है।







### गलियां बनी नदियां, घर बने तालाब कॉलोनियां बने टापू

शहर में गुरुवार रात लगभग 11बजे से आकाशीय बिजली की जोरदार तड़तड़ाहत के साथ शुरू हुई बारिश का दौर अगले दिन शुक्रवार की सुबह साढ़े 8 बजे तक जारी रहा। इस दौरान लगभग 15 बार जोरदार आबाज के साथ बिजली तड़की और भारी बारिश हुई। शुक्रवार सुबह जब लोगों की नींद खुली तो देखा कि शहर का नक्शा ही बदल चुका है। शहर व मोहल्लो की गलियां नदियों में बदल चुकी थी। पानी भर जाने की बजह से घर तालाब बं चुके थे। और घरो का सामान पानी पर तैर रहा था। साथ ही शहर की कॉलोनियां चारो ओर पानी से घिर जाने की बजह से टापू का रूप ले चुके थे।

### नदी, नाले आये जबरदस्त उफान पर, प्रशासन ने शुरू किया राहत कार्य

एक रात में हुई भारी बारिश के चलते जिले की बेतवा, जामनी, धसान, उर व जमड़ार आदि सभी नदियां जबरदस्त उफान पर वह रही हैं। कई जगह नदियों का पानी पुल के ऊपर से बह रहा है। साथ ही शहर में बने हुए नालो ने भी पानी के तेज व उफान भरे बहाव के चलते



भयानक रूप लेकर रास्तो को बंद कर दिया। इस स्थिति को देख नगर के बुजुर्गो ने कहा कि एक रात में ऐसी भीषण बारिश और पानी का ऐसा रौद्र रूप इसके पहले कभी नहीं देखा गया। हालांकि उक्त परिस्थिति में कलेक्टर श्रोत्रिय के साथ प्रशासन ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर दिया।

### एसडीआरएफ व पुलिस ने किया हॉस्टल छात्राओं का रेस्क्यू



जेल रोड पर स्थित छात्रावास में रहने बाली छात्राएं भारी बारिश के चलते चारो ओर पानी से घिर गईं थी। जिसकी सूचना मिलते ही कलेक्टर श्रोत्रिय व एसपी मनोहर सिँह मंडलोई के निर्देशन में एसडीआरएफ व पुलिस टीम ने हॉस्टल छात्राओं का रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। बीच शहर में एसडीआरएफ टीम की मदद लेने की आवश्यकता पड़ना ही स्थिति की गंभीरता को प्रदर्शित कर रहा है।

### सुबह 6 बजे से कलेक्टर ने निरीक्षण कर किए उपाय

उक्त बिकट स्थिति से निपटने के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार एसडीएम लोकेन्द्र सिंह सरल तथा नपा सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने देर रात हुई भारी बारिश से नगर के जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण किया। जलभराव वाले स्थानों पर जेसीबी मशीनों के साथ स्थानीय अमले को उतारकर पानी की निकासी का प्रयास किया। जिससे जलभराव की स्थिति से निपटा जा सके। एसडीएम लोकेन्द्र व नपा सीएमओ भदौरिया ने एक एक घर जाकर लोगो की समस्या देखी और उनका समाधान किया।



## कलेक्टर के 3 माह के परिश्रम का बंडा नहर बहाव रूप में मिला फल



**टीकमगढ़।** जिले के चारो ओर स्थित मुख्य जलश्रोत रूपी तालाबों को एक दूसरे से जोड़ने बाली बंडा नहर में बिना रुकावट बहते हुए पानी को देखकर शहरवासियों ने कहा कि इस सुखद दृश्य को देखने के लिए 60 वर्षो का लंबा इंतजार करना पड़ा। साथ ही शहरवासियों ने कहा कि कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय व उनकी प्रशासनिक टीम द्वारा 3 माह तक किये गए कठिन परिश्रम की बजह से ही 60 वर्षो बाद बंडा नहर में पानी आया है जिससे शहर के मुख्य तालाब भरेंगे। और जलस्तर बढ़ने के साथ साथ जलसंकट से भी निजात मिलेगी।

**60 वर्षो बाद दिखा नहर में पानी का बहाव**

उल्लेखनीय है कि जल गंगा संबर्धन योजना के तहत कार्य करते हुए कलेक्टर श्रोत्रिय व जिला प्रशासन की टीम ने 3 माह की कड़ी मेहनत कर पठा व बंडा नहर को अतिक्रमण मुक्त कराकर उसकी सफाई कराई थी। क्यूंकि राजशाही दौर में शहर की जलसंरचना कुछ इस तरह बनाई गईं थी कि वारिश के मौसम में पहले पठा तालाब पानी से भरता था। फिर पठा तालाब का ओवरफ्लो पानी नहर के द्वारा शहर के बड़े तालाब महेंद्र सागर में आता है। जिससे महेंद्र सागर भरता है। फिर महेंद्र सागर तालाब से नहर द्वारा ओवरफ्लो पानी बृंदाबन तालाब में जाता है। इसके बाद नहर के माध्यम से ही बृंदाबन तालाब से पानी महाराजपुरा तालाब में जाता है। उक्त जल संरचना को देखकर कलेक्टर श्रोत्रिय ने लुप्त व मृतप्राय हो चुकी उक्त बंडा नहर को अतिक्रमणमुक्त कर पुनः पुनर्जीवित किया। जिसका सुखद फल उक्त बंडा नहर से पानी महेंद्र सागर तालाब में जाने के रूप में दिखाई दिया।

शहर के जानकारों ने बताया कि उन्होंने पठा व बंडा नहर में 60 वर्षो के लंबे अंतराल में पहली बार इतनी मात्रा में पानी का तेज अविरुद्ध बहाव देखा है। उक्त नहर के पुनर्जीवित होने से शहर व आसपास के क्षेत्रो में पानी की कमी से बहुत हद तक राहत मिलने की आशा है। प्रशासन ने बताया कि बारिश जल्दी प्रारंभ हो जाने की बजह से बंडा नहर को लेकर बनाई गईं योजना के अनुरूप अभी कुछ कार्य शेष रह गया है। जिसे शीघ्र पूर्ण करने के लिए कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा लगातार निरिक्षण किया जा रहा है। साथ ही जिन स्थानों पर बंडा नहर मार्ग में अतिक्रमण शेष रह गया है, उसे हटाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## लोगों में सुरक्षा व आपराधियों में भय व्याप्त करने निकाला फ्लैगमार्च

### आगामी त्यौहारों के चलते शांति व्यवस्था कायम रखने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिँह मंडलोई के द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों के साथ शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक के अलाबा अन्य पुलिस अधिकारी भी साथ रहे। यह फ्लैगमार्च शहर के मुख्य चौराहो से होते हुए निकाला गया। जिंदमे शहर की शांति कायम रखने का संदेश छुपा हुआ था। पुलिस अधीक्षक मंडलोई के द्वारा आगामी त्योहारों को देखते हुए जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया जो थाना कोतवाली से प्रारंभ



होकर शहर के मुख्य चौराहों, बाजारों, मस्जिदों से होता हुआ कोतवाली जाकर इसका समापन किया गया।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा बताया गया कि उक्त फ्लैग मार्च आगामी त्योहारों पर आमजन को सुरक्षा का विश्वास दिलाने एवं आपराधिक तत्वों में भय व्याप्त करने के उद्देश्य से निकाला गया है। साथ ही आमजन से आगामी त्योहार शांति पूर्वक मनाने की अपील की गईं। फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी राहुल कटरे , रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान , थाना प्रभारी कोतवाली उपेंद्र छारी, थाना प्रभारी देहात चंद्रजीत यादव, सूबेदार उत्तम सिंह सहित थाना कोतवाली, देहात, अजाक, महिला थाना, पुलिस लाइन के पुलिस अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा आमजन से अपील की गईं है कि आगामी त्योहार शांति पूर्वक मनाएँ एवं किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक व संदिग्ध गतिविधि में शामिल न हों। और संदिग्ध गतिबिधि के संबंध में जानकारी मिलने के बाद तुरंत पुलिस को सूचित कर कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करे।

सीएम राइज विद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

## छात्र-छात्राओं को लैपटॉप खरीदने सीएम ने की राशि वितरित

**पलेरा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को राजधानी भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत 94 हजार 234 छात्रों को 25 हजार की राशि उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की। यह राशि उन्हें लैपटॉप खरीदने के लिए दी गई है। नगर के सीएम राइज विद्यालय में मुख्य अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम को आयोजित करते हुए लाइव प्रसारण देखा गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य छात्रों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाकर उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक जीवन में सहायता प्रदान करना है। छात्रों को राशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की गई ताकि वे अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार लैपटॉप खरीद सकें। और उच्च गुणवत्तापूर्ण तरीके से अपनी शिक्षा आसानी से ग्रहण कर सके। इस तरह छात्र छात्राओं का भविष्य उज्ज्वल करने में भाजपा सरकार हमेशा से संकल्पित रही है। क्योंकि भाजपा की सरकार छात्र छात्राओं की हितैशी सरकार है।

पार्षद प्रतिनिधि मुकेश यादव ने पात्र छात्र एवं छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि आज के तकनीकी युग में एक लैपटॉप छात्रों के सपनों को उड़ान देने का जरिया बन सकता है। ऐसे में हमारी भाजपा सरकार छात्रों की हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को एक मिशन के रूप में ले रही है, और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर योजनाएं लाई जा रही हैं।

## मुहर्रम पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

नगर थाना के सभागार में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक शुक्रवार को आयोजित हुई। जिसमें पांच व छः जुलाई को आयोजित होने वाले मुहर्रम पर्व को सौहार्द पूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर एवं थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनी ने की। बैठक में तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर ने कहा कि मोहर्रम पर्व को भाईचारे और सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाएं। उन्होंने पर्व को लेकर नगर में साफ सफाई व्यवस्था एवं पेयजल व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था को लेकर स्वच्छता प्रभारी अरुण कुमार सोनी से चर्चा करते हुए उपस्थित मुस्लिम समुदाय को अवगत कराया। थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनी ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान हुड़दंग व असमाजिक तत्वों पर प्रशासन की नजर रहेगी। और माहौल बिगाड़ने बाले आसमाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जायेगा। उन्होंने कहा कि शहर हमारा और आपका है इसलिए ये जिम्मेदारी हम सब की बनती है की कोई भी संदिग्ध गतिबिधि दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचित कर कानून व्यवस्था व शांति बनाये रखने में पुलिस व कानून का सहयोग करे। इस मौके पर सदर अब्दुल वहीद खान, हाजी बाबू खान मास्टर, हाजी इकबाल खान, इसाक सौदागर, नफीस सौदागर, बल्ले राईन, सुल्तान राईन, दिलशाद खान, पत्रकार सद्दाम राईन, मोहम्मद ख्वाजा समेत अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

### वनभूमि में आधी रात को जुताई करता हुआ ट्रैक्टर किया जब्त

## टीम सहित 24 घंटे एक्शन मोड में रेंजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के द्वारा वन माफियाओ व अतिक्रमणकारियों के बिरुद्ध निरंतर जप्ती की कार्यवाही की जा रही हैं। इन्ही कार्यवाहियो के दौरान वन भूमि में अतिक्रमण कर जुताई करते हुए एक ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। साथ ही ट्रैक्टर मालिक व चालक के बिरुद्ध वन अपराध के तहत प्रकरण भी दर्ज किया गया है।

वन सुरक्षा और वन अपराधों के नियंत्रण के लिए वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के द्वारा स्वयं के साथ साथ अपनी टीम को भी 24 घंटे एक्शनमोड में रखा जा रहा है। इसी के चलते आधी रात को भी सूचना मिलने पर रेंजर शिशुपाल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर निरंतर कार्यवाहियो को अंजाम दे रहे है। इसके अलावा रेंजर शिशुपाल द्वारा प्रतिदिन वन सुरक्षा कार्य, वृक्षारोपण कार्य, निर्माण कार्य, अतिक्रमण बेदखली कार्य भी किये जा रहे हैं।

वनभूमि अतिक्रमणकारियों और वन माफियाओं के लिए सिरदर्द बन चुके जतारा वन परिक्षेत्र अधिकारी शिशुपाल अहिरवार को देर रात्रि में



बीट उपरारा के कक्ष क्रमांक पी 235 के जंगल में वन भूमि पर अतिक्रमणकारियों द्वारा जुताई, बखराई किए जाने की सूचना मुखबिर से प्राप्त हुई। उक्त सूचना मिलते ही रेंजर शिशुपाल ने छापामार दल का गठन कर मुखबिर के बताए अनुसार वन अमले को मौके पर भेजा। जहाँ पर वन अमले को बीट उपरारा के कक्ष क्रमांक पी 235 की वन भूमि पर एक नग न्यू सोल्ड स्वराज ट्रैक्टर अवैध रूप से वनक्षेत्र में जुताई करते हुए पाया गया। जिसको वन अमले के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों और वन समिति के सदस्यों के सहयोग से जप्त कर संरक्षित वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर जुताई करने के वन अपराध मे वन परिक्षेत्र कार्यालय लाया गया और आरोपी वाहन मालिक व वाहन चालक बालकिशन केवट और अतिक्रमणकारी संजू रैकवार के नाम से नामजद वन अपराध प्रकरण दर्ज कर अग्रिम विवेचना में लिया गया। उक्त ट्रैक्टर जप्ती की कार्यवाही वन सरंक्षक छतरपुर, वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ और उपवन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ के दिशा निर्देशन और मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के कुशल नेतृत्व में की गई। जिसमे शिवशंकर अहिरवार वनरक्षक, याशीन खान वनरक्षक, प्रमोद अहिरवार वनरक्षक, विवेक वंशकार वनरक्षक, अशोक वर्मा वनरक्षक, शुभम पटेल वनरक्षक, लखन लाल कुशवाहा वनरक्षक , अमन प्रजापति वनरक्षक , आजाद खान और अनिल द्विवेदी स्थाईकर्मी की सराहनीय भूमिका रही।

### एसपी द्वारा गठित विशेष टीम को मिली सफलता

## पुलिस ने घेराबंदी कर दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में चंदेरा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उक्त आरोपी को पकड़ने के लिए एसपी मंडलोई द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया गया था। जिसने बिभिन्न संभावित स्थानों पर छापेमारी कर उक्त सफलता प्राप्त की है। जिले के थाना चंदेरा में धारा 87, 332(बी), 64, 64(2) (एम), 351(3) बीएनएस के तहत दर्ज मामले में वांछित आरोपी को पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में 25 वर्षीय आरोपी अजय अहिरवार निवासी गोटयाना मोहल्ला, थाना चंदेरा की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा संभावित स्थानों पर दबिश दी गई, जिसमें सफलता प्राप्त करते हुए आरोपी अजय अहिरवार को गिरफ्तार कर न्यायालय जतारा में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में बम्होरीकला थाना प्रभारी रश्मि जैन, थाना प्रभारी चंदेरा, प्रधान आरक्षक बृजेश शर्मा, आरक्षक जितेंद्र, आरक्षक योगेंद्र, आरक्षक रूपेश दीक्षित, आरक्षक मोहित यादव, आरक्षक वीरन यादव एवं आरक्षक हृदेश बुंदेला की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें ।

सिविल सर्जन के पत्र के बाद मेडिकल कॉलेज के डीन ने जारी किया आदेश

# जिला अस्पताल में ड्यूटी देंगे मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर, सुधरेगी सेहत!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| श्योपुर

डॉक्टरों की कमी के कारण बिगड़ रही जिला अस्पताल की सेहत अब न सिर्फ सुधर जाएगी, बल्कि ओपीडी में मरीजों को इलाज करवाने के लिए डॉक्टर भी मौजूद मिल जाएंगे। इस तरह की उम्मीद इसलिए बंधी है, क्योंकि मेडिकल कॉलेज श्योपुर के डीन ने मेडिकल कॉलेज के सभी डॉक्टरों को जिला अस्पताल में अपनी सेवाएं देने के लिए आदेशित कर दिया है। मेडिकल कॉलेज के डीन ने यह आदेश सिविल सर्जन के उन पत्रों को लेकर जारी किया है, जिन पत्रों में सिविल सर्जन ने साफ लिखा है कि जिला अस्पताल में मेडिकल कॉलेज का कोई डॉक्टर ड्यूटी नहीं कर रहा है।

यूं तो यह आदेश पहले से भी था कि मेडिकल कॉलेज श्योपुर में पदस्थ हुए सभी डॉक्टर जब तक मेडिकल कॉलेज का संचालन शुरू न हो जाए, तब तक अपनी सेवाए जिला अस्पताल श्योपुर में बैठकर मरीजों को प्रदान करें। शुरूआत में मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर कुछ दिनों के लिए अपनी सेवाएं देने के लिए जिला अस्पताल में पहुंचे, लेकिन ट्रैनिंग पूरी करने के बाद सभी डॉक्टरों ने एक के बाद एक करके जिला अस्पताल में अपनी सेवाएं देना बंद कर दिया। उधर मेडिकल कॉलेज में भी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर यह बात कहते हुए नही पहुंच रहे थे कि हम तो जिला अस्पताल में ड्यूटी करने जा रहे थे। लेकिन हर माह मोटी तनख्वाह लेकर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर वास्तव में अपनी ड्यूटी कहा कर रहे थे, इस बारे में जिले के जागरूक नागरिक भलीभांति परिचित थे। बताना होगा कि इस मामले को हरिभूमि ने 22 मई के अंक में उठाते हुए मेडिकल कॉलेज अभी चालू नहीं तो फिर कहां ड्यूटी दे रहे 23 डॉक्टर शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था। जिसके बाद जिले के जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल के जिम्मेदार भी हरकत में आए।


सीएस बोले 15 दिन की ट्रैनिंग के बाद जिला अस्पताल नहीं आ रहा कोई डॉक्टर

मेडिकल कॉलेज अभी चालू नहीं, तो फिर कहां ड्यूटी दे रहे 23 डॉक्टर!

सीएमएचओ ने कहा जब तक मेडिकल कॉलेज चालू न हो, तब तक डॉक्टरों को जिला अस्पताल में देना चाहिए अपनी सेवाएं

डॉक्टरों की कमी से जिला अस्पताल के बिगड़ रहे हालात

डॉक्टर ही नहीं नर्सिंग स्टाफ भी हो रहा कम

इनका कहना है...

### डॉक्टरों की कमी से बिगड़ रही जिला अस्पताल की सेहत

जिला अस्पताल में इन दिनों डॉक्टरों की कमी की समस्या इतनी गंभीर हो गई कि जिला अस्पताल का इमरजेंसी ड्यूटी का रोस्टर तक गडबढाया हुआ है। क्योंकि अस्पताल प्रबंधन के पास इमरजेंसी ड्यूटी करने के लिए भी डॉक्टर उपलब्ध नहीं है। ऐसे में जिला अस्पताल की ओपीडी में भी डॉक्टरों की ज्यादातर कुर्सियां खाली पडी रहती है और मरीज ओपीडी में अपना इलाज करवाने के लिए मरीजों को ढूंढते रहते थे। जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी समस्या इसलिए गंभीर हो गई कि जिला अस्पताल के डॉक्टर या तो इस्तीफा देकर जा रहे हैं, या फिर तबादले पर दूसरे जिले में अपनी सेवाए देने के लिए श्योपुर छोडकर जा रहे हैं। डॉक्टरों की कमी के कारण जिला अस्पताल में सिर में चोट की समस्या लेकर आने वाले मरीजों के ऑपरेशन होना बंद हो गए है। वहीं इमरजेंसी ड्यूटी सहित जिला अस्पताल के अन्य कार्यक्रम भी प्रभावित हो गए हैं।

### डीन के आदेश से व्यवस्थाएं सुधरने की बंधी उम्मीद

डॉक्टरों की कमी के कारण उत्पन्न होने वाली परेशानी से सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल भी खासे परेशान बने है। इसलिए उन्होंने कई बार शासन को जिला अस्पताल में डॉक्टरों के रिक्त बने पदों पर नए डॉक्टरों की पदस्थापना किए जाने के लिए पत्र लिखे। वहीं मेडिकल कॉलेज श्योपुर के डीन को भी दो तीन पत्र लिखकर अवगत कराया कि मेडिकल कॉलेज का कोई डॉक्टर नियमित रूप से अपनी सेवाएं जिला अस्पताल को उपलब्ध नहीं करा रहा है। इसलिए मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों को जब तक मेडिकल कॉलेज का संचालन शुरू न हो जाए, तब तक अपनी सेवाएं जिला अस्पताल में दिए जाने के लिए निर्देशित किया जाए।अस्पताल के सूत्र बता रहे है कि सिविल सर्जन के इन पत्रों के बाद मेडिकल कॉलेज के डीन ने 2 जुलाई को आदेश जारी कर दिया कि मेडिकल कॉलेज में कार्यरत सभी चिकित्सा शिक्षक, सीनियर रेजिडेंट,जूनियर रेजिडेंट आगामी आदेश तक अपनी उपस्थिति सिविल सर्जन के समक्ष दर्ज कराकर उनके मार्गदर्शन में अपनी सेवाएं जिला अस्पताल श्योपुर में प्रदान करें। यदि डीन के आदेश के मुताबिक मेडिकल कॉलेज के सभी डॉक्टर नियमित रूप से अपनी सेवाए जिला अस्पताल पहुंचकर प्रदान करेंगे तो इसका फायदा न सिर्फ मरीजों को मिलेगा, बल्कि जिला अस्पताल की अन्य स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाएं भी बेहतर हो जाएगी।

### इनका कहना....

मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर जिला अस्पताल में ड्यूटी नहीं कर रहे थे, इसलिए दो तीन पत्र मेडिकल कॉलेज के डीन को लिखे गए थे कि मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर यदि अपनी सेवाएं जिला अस्पताल में बैठकर देंगे तो इसका फायदा जिला अस्पताल में इलाज की उम्मीद लेकर आने वाले मरीजों को जरूर मिलेगा।

**डॉ आरबी गोयल**
**सिविल सर्जन, श्योपुर**

मेडिकल कॉलेज श्योपुर में कार्यरत सभी चिकित्सा शिक्षक, सीनियर रेजीडेंट और बंध पत्र चिकित्सक अब अपनी सेवाएं जिला अस्पताल में प्रदान करेंगे, इसके लिए विधिवत आदेश जारी कर दिया गया है।

**डॉ अनिल गोयल**
**डीन मेडिकल कॉलेज, श्योपुर**

ओपीडी में डॉक्टर की टेबल पर ही छूट गया था पर्स, पर्स में रखे थे 11 हजार 200 रुपए

# आज भी जिंदा है ईमानदारी, डॉक्टर ने अटेंडर को लौटाया रुपयों से भरा पर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| श्योपुर



वाकई ईमानदारी आज भी जिंदा है। इसका प्रमाण जिला अस्पताल श्योपुर में एक बार फिर तब देखने को मिला, जब जिला अस्पताल की ओपीडी में डॉक्टर की टेबल पर छूटे रूपयों से भरे पर्स को डॉक्टर ने तीन दिन बाद पर्स को ढूंढते हुए पहुंचे अटेंडर को वापस लौटा दिया। पर्स में 11 हजार 200 रुपए रखे हुए थे।

रूपयों से भरा यह पर्स बडौदा तहसील क्षेत्र के ग्राम इंद्रपुरा निवासी रामस्वरूप सेन का था। सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल ने बताया कि मंगलवार को रामस्वरूप सेन अपनी बेटी का इलाज करवाने के लिए जिला अस्पताल श्योपुर में पहुंचे थे। जहां उन्होने ओपीडी में बैठे डॉ ब्रह्म स्वरूप को अपनी बेटी को दिखाते हुए उसका इलाज करवाया। इलाज कराने के बाद रामस्वरूप अपनी बेटी के साथ वापस घर आ गए,लेकिन उनके पास मौजूद वह पर्स ओपीडी में डॉक्टर की टेबल पर ही छूट गया था,जिसमें उनके गिने गिनाए 11 हजार 200 रूपए रखे हुए थे। घर पहुंचने के बाद उन्हें ध्यान आया कि उनका पर्स नहीं गिर गया, लेकिन उन्हें यह पता नहीं रहा कि उनका पर्स डॉक्टर की टेबल पर छूट गया। इधर डॉक्टर भी टेबल पर छूटे बैंग को काफी देर तक कोई इसे लेने के लिए नहीं आने पर अपने साथ घर ले गए। जहां उन्हें खोलने पर चला कि इसमें रूपए रखे हुए है। गुरूवार को जब रामस्वरूप सेन अपने परिचित के लोगो को लेकर पर्स की तलाश में जिला अस्पताल की ओपीडी में पहुंचा और वहां मौजूद मिले डॉक्टर से पर्स के संबंध में पूछा तो डॉक्टर ने अपने पास सुरक्षित रखा उनका रूपयों से भरा पर्स वापस लौटा दिया। जिसके बाद रामस्वरूप डॉक्टर के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए घर लौट गया।

खाद वितरण में अव्यवस्था और नकली खाद-दवाओं के विरोध में किसानों ने सौंपा ज्ञापन

# ज्ञापन देकर किसान बोले, प्रशासन खाद की समस्या का जल्द करे समाधान अन्यथा होगा उग्र आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| श्योपुर



जिले में खाद संकट, वितरण में अनियमितता, नकली खाद-दवाओं और कालाबाजारी की बढ़ती समस्याओं के विरोध में क्षेत्रीय किसानों ने शुक्रवार कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी करते हुए जिला कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर संजय कुमार जैन को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला के नेतृत्व में सौंपा गया, जिसमें किसानों ने अपनी समस्याओं और मांगों को विस्तार से सामने रखा और चेतावनी दी कि प्रशासन जल्द ही इन समस्याओं का समाधान कराए अन्यथा इसके विरोध में किसान उग्र आंदोलन करेंगे।

ज्ञापन में बताया गया कि खरीफ सीजन की बुवाई के इस महत्वपूर्ण समय में जिले के किसानों को यूरिया, डीएपी और अन्य आवश्यक खादों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। सहकारी संस्थाओं पर खाद की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से किसान वर्ग बेहद परेशान है। खाद वितरण केंद्रों पर अत्यधिक भीड़, अव्यवस्था और कई जगहों पर दलाली, सिफारिश और अवैध वसूली की शिकायतें सामने आ रही हैं। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि बाजार में नकली खाद और कीटनाशकों का चलन तेजी से बढ़ रहा है, जिससे फसलों को नुकसान हो रहा है और किसान भारी आर्थिक संकट में फँस रहे हैं। निजी दुकानों पर खाद की कालाबाजारी भी एक गंभीर समस्या बन गई है, जहाँ तयशुदा दरों से अधिक मूल्य पर खाद बेची जा रही है, जिससे किसानों का आर्थिक शोषण हो रहा है।

किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जिले की सभी सहकारी संस्थाओं पर खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और खाद वितरण प्रणाली को पारदर्शी एवं सुचारु बनाया जाए। साथ ही खाद वितरण में हो रही अनियमितताओं की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। नकली खाद और दवाओं की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा दोषी व्यापारियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके अतिरिक्त, निजी दुकानों पर हो रही खाद की कालाबाजारी पर नियंत्रण कर निर्धारित दरों पर ही खाद उपलब्ध कराई जाए। किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि शीघ्र आवश्यक कदम नहीं उठाए गए, तो किसान समुदाय लोकतांत्रिक तरीकों से आंदोलन करने को बाध्य होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।प्रदर्शन के दौरान हनुमान मीणा जैदा, नरेंद्र उंडायथा, देवकरण मावदा, कमलेश आसीदा, महावीर बिजरपुर, हरिमोहन मीणा, रामचरण आदि किसान उपस्थित रहे।

# समाज को समर्पित संस्थान है जन अभियान परिषद:नपाध्यक्ष

**जन अभियान का मना स्थापना दिवस, उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| श्योपुर



जन अभियान परिषद प्रदेश की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने में अहम भूमिका निभाती है, साथ ही जन सहयोग से जन कल्याण के कार्यों का क्रियान्वयन समुदाय के साथ मिलकर करती है। यह बात नपाध्यक्ष रेनु सुजीत गर्ग ने शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित स्वैच्छिकता पर्व कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिपं परियोजना अधिकारी राजेश शर्मा एवं डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल, आदित्य चोहान मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक धर्मेन्द्र सिंह सिसौदिया ने कहा कि जन अभियान परिषद के गठन को आज अठ्ठाईस वर्ष पूर्ण हो गए हैं इन वर्षो में परिषद ने कई आयाम छुए हैं। ग्राम विकास की नई अवधारणा सृजित की है।

इस दौरान जन अभियान परिषद ने निरंतर ग्राम विकास के लक्ष्यों को पूर्ण किया है। इसके पूर्व ब्लॉक समन्वयक नीतू सिंह गौतम ने देते हुए परिषद की रूपरेखा और जन अभियान के कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वैच्छिक संगठन, नवांकुर, प्रस्फुटन एवं एमएसडब्लू और बीएसडब्लयू के छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। अंत में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया गया।

कार्यक्रम का संचालन नवांकुर प्रतिनिधि गिर्राज शर्मा एवं आभार ब्लॉक समन्वयक शाहीन परवीन ने किया। कार्यक्रम में राजा खान, प्रमोद तिवारी, सुधाकर पचोरी, गणेश पाराशर,अविनाश माहौर सहित बडी संख्या में परिषद से जुड़े स्वयंसेवी संगठनो के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# घर से दूध लेने गई किशोरी लापता

**श्योपुर।** घर से दूध लेने के लिए डेयरी पर गई 11 साल की किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों के बीच लापता हो गई। किशोरी का फिलहाल कोई अता पता नहीं है। लेकिन परिजनों ने अपहरण का अंदेशा व्यक्त करते हुए कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में अपहरण का केस दर्ज करते हुए मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि शहर के रेगर मोहल्ला निवासी संजय रेगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गुरूवार की दोपहर को उसकी छोटी बहन अंजलि 11 साल को उसके पिता ने 100 देकर दूध लेने के लिए डेयरी पर भेजा था, इसके बाद से अंजलि का कोई अता पता नहीं है। ऐसा अंदेशा लग रहा है कि उसे कोई बहला फुसलाकर अगवा करके ले गया है। पुलिस ने संजय की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना समेटे बच्चों की गुल्लक में रखे 12 हजार रुपए

**श्योपुर।** शहर की श्रीराम कॉलोनी स्थित एक सूने मकान को अज्ञात चोरों ने अपना निशाना बनाया। चोरों ने घर का मुख्य गेट और कमरों के ताले तोड़कर घर में रखी बच्चों की गुल्लकों से करीब 10 से 12 हजार रुपए नकद चुरा लिए। श्योपुर में एफसीआई गोदाम के सामने रहने वाले विजय प्रताप सिंह भदौरिया ने कोतवाली थाने में आवेदन देते हुए बताया कि उनका एक मकान श्रीराम कॉलोनी की ओमदलाल वाली गली में है, जिसमें उनके दो भाई रहते हैं। दोनों भाई बाहर नौकरी करते हैं, एक शस्त्र सीमा बल में अरुणाचल प्रदेश में पदस्थ है और दूसरा उत्तराखंड के कोटद्वार में। गर्मी की छुट्टियों में उनकी पत्नियां और बच्चे भी उनके पास चले गए, जिससे मकान पिछले दो महीनों से पूरी तरह खाली था। पीड़ति ने बताया कि उनके बुजुर्ग पिता नियमित रूप से रात में मकान की देखरेख के लिए जाते थे, लेकिन पिछले 4-5 दिनों से तबीयत खराब होने के कारण नहीं जा सके। शुक्रवार सुबह जब उन्होंने मकान जाकर देखा तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाने पर कमरों और रसोई के ताले भी टूटे पाए गए और सारा सामान बिखरा पड़ा था। बच्चों की गुल्लकों से नकदी चोरी हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली टीआई दिनेश सिंह राजपूत ने बताया कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा के अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष पर छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| श्योपुर




भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष पूरन आर्य पर कोतवाली थाना पुलिस ने छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने यह एफआईआर एक आदिवासी महिला की शिकायत पर दर्ज की है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि 19 वर्षीय आदिवासी महिला ने अपने पति के साथ कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि पूरन आर्य निवासी चैनपुरा ने उस समय मेरे घर में घुसकर मेरे साथ छेड़छाड़ कर दी, जब मेरे पति मजदूरी करने के लिए घर से बाहर गए थे। आरोपी की मेरी सास से जान पहचान है, इसलिए सास ने घटना वाले दिन मुझे एफआईआर दर्ज कराने से मना कर दिया था, लेकिन तब से ही पूरन आर्य मुझे गंदी नजर से देखता है। एक बार फिर उसने मुझे अकेली देखकर मेरे कमरे में आने का प्रयास किया।

एमपी टूरिज्म क्विज प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 18 तक होंगे पंजीयन

# 1 अगस्त को होगी क्विज प्रतियोगिता, विजेता बनने वाले विद्यार्थी फ्री में करेंगे पर्यटन स्थलों की सैर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| श्योपुर




एमपी टूरिज्म विभाग द्वारा मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 1 अगस्त को किया जाएगा। जिसमें कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक पढ़ने वाले स्कूली बच्चे शामिल हो सकते हैं। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए स्कूल वाइज पंजीयन 18 जुलाई तक किए जाएंगे। खास बात यह है कि जो विद्यार्थी इस क्विज प्रतियोगिता में विजेता बनेंगे, उन्हें फ्री में मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों की सैर करने का मौका मिलेगा। इस परीक्षा में शिक्षा विभाग भी सहयोगी बनेगा। इसलिए जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने सभी शासकीय और अशासकीय हाईस्कूल व हायरसेकंडरी स्कूलों के प्राचार्यो से इस परीक्षा के लिए पंजीयन कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

यहां बताना होगा कि स्कूली छात्र छात्राओं को प्रदेश के पर्यटन से परिचित कराने और पर्यटन के माध्यम से सीखने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड हर साल पर्यटन क्विज प्रतियोगिता आयोजित करता है। यह परीक्षा दो चरणों में आयोजित होती है। पहले चरण में जहां जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें जिलेभर की स्कूल वार टीमे भागीदारी करेगी। वहीं दूसरे चरण में राज्य स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसमें जिला स्तर पर चयनित टीमे शामिल होंगी। प्रतियोगिता की विजेता और उपविजेता टीमों को पर्यटन निगम के होटलों का टूर पैकेज सहित प्रमाण पत्र और मेडल दिए जाएंगे।

### धरोहरों से परिचित होंगे विद्यार्थी

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की ओर से स्कूल शिक्षा विभाग पर्यटन विकास निगम, जिला प्रशासन और जिला पुरातत्व पर्यटन और संस्कृति परिषद के सहयोग से प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थी प्रदेश के समृद्धिशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक रंगों, स्थानीय कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरुषों और पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से परिचित होंगे।

### लिखित प्रश्नोत्तरी और ऑडियो विजुअल प्रश्न होंगे

जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता आगामी एक अगस्त को श्योपुर जिला मुख्यालय पर आयोजित की जाएगी। जिसमें स्कूल वार टीमें शामिल होंगी। एक स्कूल की टीम में तीन विद्यार्थी शामिल रहेंगे। प्रतियोगिता में भागीदारी किए जाने के लिए 18 जुलाई तक पंजीयन किए जाएंगे। बताया गया है कि इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए अभी तक जिले के 20 स्कूल अपना पंजीयन करवा चुके है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता भी दो चरणों में होगी। पहले चरण में लिखित प्रश्नोत्तरी और दूसरे चरण में ऑडियो विजुअल प्रश्न शामिल होंगे। लिखित प्रश्नोत्तरी में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली 6 टीमों को ऑडियो विजुअल चरण में प्रवेश दिया जाएगा।

### इनका कहना...

जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता एक अगस्त को आयोजित की जाएगी। सभी हाईस्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल प्राचार्यो को इस प्रतियोगिता में उनके स्कूलों की भागीदारी कराने के लिए पंजीयन कराने के लिए निर्देशित कर दिया गया है।

**एमएल गर्ग**
**डीईओ, श्योपुर**

### श्योपुर के 1103 विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय करने मिली 25-25 हजार की राशि




**श्योपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में लैपटॉप प्रोत्साहन राशि अंतरण के राज्य स्तरीय समारोह के माध्यम से शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाने वाले प्रदेश के 94,234 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय करने के लिए 235 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की। योजना के तहत लैपटॉप खरीदने के लिए प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को 25-25 हजार रुपये डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए उनके बैंक खातों में सिंगल क्लिक के जरिए हस्तांतरित किये गये। इस कार्यक्रम के माध्यम से श्योपुर जिले के 1103 प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी 25-25 हजार रूपये की राशि प्राप्त हुई। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में जिला स्तरीय कार्यक्रम सांदीपनी सीएम राईज स्कूल श्योपुर में नपाध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, नपा उपाध्यक्ष संजय महाना, सुजीत गर्ग, भाजपा नगर मंडल महामंत्री कौशल शर्मा, सहायक संचालक शिक्षा यश जैन, सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य अशोक खण्डेलवाल, विद्यार्थी तथा उनके अभिभावक आदि उपस्थित थे। व्याख्याता सुशील दुबे के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम को अतिथियों ने संबोधित किया और उसके बाद प्रतीकात्मक रूप से कुछ विद्यार्थियों को योजना के तहत 25-25 हजार रूपये राशि के चैक प्रदान किये। जिन विद्यार्थियों को चैक प्रदान किये गये, उनमें घीसी रेगर, रितु शर्मा, चन्द्रपति सुमन, ऐन्स राठौर, गौरी प्रजापति, सीमा राठौर, अनवी गुप्ता, मानसी पोरवाल, संतोष मीणा, प्रियंका बैरवा शामिल रहे।

## खबर संक्षेप



### छत की मरम्मत व जल निकासी की उठाई मांग

**ललितपुर**। कचहरी परिसर स्थित ब्लॉक सी भवन की छत की मरम्मत कराए जाने की मांग को लेकर जिला बार एसोशियेशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि कचहरी परिसर में स्थित ब्लॉक-सी भवन की छत का निर्माण कार्य प्रारंभ से ही अधूरा है। बरसात के मौसम में छत पर जलभराव हो जाता है और पानी रिसकर अधिवक्ताओं के चौंबरों में प्रवेश कर जाता है। इस स्थिति के कारण चेंबरों में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज, फाइलें एवं पुस्तकें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं तथा अधिवक्ताओं को अपने विधिक कार्यों के संचालन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या से पूर्व में भी कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, किंतु आज तक इस ओर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है । अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी से ब्लॉक-सी भवन की छत की शीघ्र मरम्मत कराए जाने हेतु संबंधित विभाग/अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान करने की मांग उठायी। जिससे अधिवक्ताजन अपने दायित्वों का निर्वहन निर्बाध रूप से कर सकें एवं गंदा पानी पुलिस लाइन की नाली साफ कराई जावे, जिससे गंदा पानी भरने से रोका जा सके।

### चार्ज संभालते ही एसडीएम ने की बैठक

**ललितपुर**। नवागंतुक उपजिलाधिकारी पाली निशांत तिवारी ने गुरुवार को तहसील पाली में पदभार ग्रहण कर लिया। इसके साथ ही विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात की। ललितपुर जनपद से स्थानांतरण के बाद उपजिलाधिकारी ने पाली तहसील का चार्ज लिया है। इसके बाद उन्होंने कहा कि पीड़ित के लिए हमारे दरवाजे सदैव खुले रहेंगे।



### नगर अध्यक्ष बने अजय मिश्रा

**बीना**। आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष इंजीनियर डीके सिंह की अनुशंसा पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता महेंद्र सोनी (खिमलासा) को बीना विधानसभा अध्यक्ष एवं अजय मिश्रा को बीना नगर अध्यक्ष बनाया गया है। नियुक्ति पर सोनी एवं मिश्रा को स्थानीय लोगों ने बधाई दी है।

### रोपवनी में 20 हेक्टेयर मे पौधरोपण

**ललितपुर**। वन महोत्सव 2025 के अवसर पर ललितपुर वन प्रभाग के बार रेंज मे बेहटा रोपवनी 20 हेक्टेयर मे पौधरोपण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाह मौजूद रहे। इसके साथ बार ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कल्याण सिंह, ग्राम प्रधान फुलवारी प्रसादी कुशवाह, मंडल अध्यक्ष हर प्रसाद कुशवाह आदि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने पीपल का पौधा लगाकर पीपल के पौधे के विशेष महत्व आसपास के लोगों के साथ साझा किए। कार्यक्रम का आयोजन उप्रभागीय वनाधिकारी महरौनी सतेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

### महिला ने लगाया पति पर मारपीट का आरोप

**ललितपुर**। कोतवाली महरौनी क्षेत्र के अंतर्गत संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात महिला कर्मी का उसके ही अपने पति से किसी बात को लेकर आपसी पारिवारिक विवाद उत्पन्न हो गया था। जिसके चलते दोनों के बीच हुई कहासुनी से आक्रोशित पति ने पत्नी के साथ गाली गलौज मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में पीड़ित पत्नी की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जनपद झांसी के अंतर्गत थाना गुरसराय कस्बा की मूल निवासी अनीता पत्नी हरगोविंद महरौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मी के रूप में तैनात है, वह अपने पति के साथ रहकर काम करती है। बताया गया है कि 2 जुलाई को सुबह 8 बजे घर में ही किसी बात को लेकर उसका विवाद पति से हो गया था।

## गरीब और वंचित समुदाय के बच्चों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा

# प्राथमिक विद्यालय बंद करने का विरोध आजाद समाज पार्टी ने ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद एड.चन्द्रशेखर आजाद के निर्देश पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जनपद में जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश सरकार के फैसलों और हालिया दलित उत्पीडऩ की घटनाओं के विरोध में तीन प्रमुख माँगें की गईं। ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 27,965 प्राथमिक विद्यालयों को विलय कर बंद किया जाना न केवल संविधान के अनुच्छेद 21-ए (शिक्षा का अधिकार) बल्कि अनुच्छेद 46 (कमजोर वर्गों के शैक्षिक व आर्थिक हितों की सुरक्षा) का स्पष्ट उल्लंघन है। इससे गरीब और वंचित समुदाय के बच्चों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पार्टी ने इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की है। ज्ञापन में जनपद कौशाम्बी के सैनी थाना क्षेत्र के लोंहदा गांव में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना और प्रयागराज के करछना थाना क्षेत्र के इसौटा गांव में एक दलित युवक को जिंदा जलाकर मार डालने की घटना को अत्यंत निंदनीय और मानवाधिकारों का हनन बताया गया है। पार्टी ने इन घटनाओं में पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने हेतु सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि 29



जून 2025 को करछना क्षेत्र में पीड़ित परिवार व स्थानीय लोगों के साथ पुलिस द्वारा लाठीचार्ज, पथराव और वाहन जलाने की कार्यवाही की गई, जिसमें दलित युवक सुनील कुमार गौतम की मौत हो गई। पार्टी ने इस घटना की भी सीबीआई जांच की मांग करते हुए निर्दोष गिरफ्तार युवकों की तत्काल रिहाई की मांग की है। ज्ञापन के अंत में पार्टी ने राज्य सरकार से आह्वान किया है कि प्रदेश में दलितों, महिलाओं और कमजोर वर्गों की सुरक्षा, शिक्षा और न्याय के अधिकार की गारंटी दी जाए तथा सामाजिक शांति बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम तत्काल उठाए जाएं। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने सरकार के फैसलों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोकतांत्रिक विरोध जताया और चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मांगों पर शीघ्र संज्ञान नहीं लिया तो आंदोलन को प्रदेशव्यापी रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन करते हुये ज्ञापन देने वालों में मोतीलाल गौतम, कुंवरलाल गौतम, कमलेश अहिरवार, दीपक कुमार, ब्रजेश कुमार, यादवेन्द्र प्रताप सिंह यादव, सुरेश, विजय, नीरज चौधरी, रामकुमार जाटव, जगजीवन अम्बेडक़र आदि मौजूद थे।

### जिले की सभी ग्राम पंचायतो में स्थपित होंगे डिजिटल पुस्तकालय

ललितपुर। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समिति की बैठक द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल पुस्तकालय (बाल एवं किशोर पुस्तकालय) स्थापित किये जाना है जिससे ग्राम पंचायतो में विद्यार्थियो के अध्ययन के लिये पाठ्य सामग्री / पुस्तकों के चयन हेतु 50 प्रतिशत पुस्तकों के चयन शासकीय / अन्य प्रकाशकों की पुस्तकें, जिसमें स्थानीय भाषाओं के साहित्यकारों, स्थानीय प्रकाशन, स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों, राष्ट्रनायकों एवं शहीदों की जीवनी, स्थानीय / क्षेत्रीय लेखकों, प्रतिष्ठित विद्वानों की पुस्तकें, कवियों की पुस्तकें जिनमें स्थानीय इतिहास, संस्कृति साहित्य से सम्बन्धित हो. को भी शामिल किया जाना है उक्त के साथ ही प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे छात्रों के आवश्यकतानुसार तथा महिलाओं एवं बाल साहित्य से सम्बन्धित ज्ञानवर्धक पुस्तकों को भी शामिल किया जाना है तथा शासकीय प्रकाशकों के साथ-साथ अन्य प्रकाशकों की पुस्तकें जनपद स्तरीय समिति पुस्तकों का चयन करेंगी। जिसमें जनपद स्तरीय समिति सामर्थ्य / मूल्य निर्धारण और समझने में आसान भाषा/सामग्री पर सावधानीपूर्वक विचार करते हुए पुस्तकों का चयन करेगी। पुस्तकों के चयन हेतु आप जन व्यक्ति/फर्म/संस्था उपरोक्त विषय-वस्तु को ग्राम पंचायतो मे डिजिटल पुस्तकालय (बाल एवं किशोर पुस्तकालय) स्थापित किये जाने हेतु उपलब्ध कराने के इच्छुक हो अपनी पुस्तकों के प्रकाशन व लेख से सम्बन्धित विवरण जनपद की ई-मेल आईडी पर विवरण उपलब्ध करा सकते हैं। साथ ही जो ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी जो पाठ्य सामग्री/पुस्तक अपनी ग्राम पंचायत की डिजिटल पुस्तकालय में पढना चाहते हैं वो भी पाठ्य सामग्री / पुस्तक की सूची विवरण उक्त ई-मेल पर प्रेषित कर सकते हैं

## जनजागरूकता अभियान प्रारंभ

# कारवां टॉकीज अभियान में दे रहे देशसेवा की प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव ने बताया है कि भारतीय सेना द्वारा उत्तर प्रदेश के सुदूर और पिछड़े इलाकों तक पहुँचने तथा ग्रामीण युवाओं को सेना में करियर के लिए प्रोत्साहित करने हेतु चार दिवसीय 'कारवां टॉकीज़' अभियान का शुभारंभ 4 जुलाई को ललितपुर ज़िले में किया गया। यह अभिनव पहल भारतीय सेना के रिक्रूटिंग निदेशालय एवं मुख्यालय भर्ती जोन लखनऊ के तत्वावधान में तथा एआरओ आगरा के समन्वय से संचालित की जा रही है। अभियान के पहले दिन, ऋषि राज इंटर कॉलेज, बिरारी और रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, में कार्यक्रम आयोजित किए गए। यहाँ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और ग्रामीणों ने भाग लिया और सेना की इस अनोखी जागरूकता पहल को सराहना सुसज्जित कारवां टॉकीज़ वैन, जिसमें एक बड़ा एलईडी स्क्रीन, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली, और प्रेरणादायक पोस्टर व बैनर लगे थे, दर्शकों को भारतीय सेना के जीवन, अनुशासन और अवसरों की एक जीवंत झलक दिख रही।



### सीधा संवाद और मार्गदर्शन

अभियान की खासियत रही सीधा संवाद और मार्गदर्शन। सेना के प्रतिनिधियों ने भर्ती प्रक्रिया, योग्यता मानदंड, प्रशिक्षण और करियर ग्रोथ के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों से व्यक्तिगत बातचीत कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया और सेना में शामिल होने की दिशा में ठोस मार्गदर्शन प्रदान किया। रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय की एक छात्रा ने कहा, यह अभियान हमारे लिए एक नई दुनिया के द्वार खोलता है। अब हमें समझ में आया कि सेना में शामिल होने के लिए क्या-क्या करना होता है। कार्यक्रम में क्विज़ प्रतियोगिता, इंटरएक्टिव गेम्स, और देशभक्ति से ओत-प्रोत गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं, जिससे युवाओं में और अधिक उत्साह देखने को मिला।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करेगा अभियान

अगले तीन दिनों में कारवां टॉकीज़ ललितपुर के और भी अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करेगा, ताकि उन युवाओं तक पहुँचा जा सके जो सामान्यतः ऐसी जानकारी से वंचित रह जाते हैं। यह अभियान सिर्फ एक भर्ती पहल नहीं, बल्कि समावेशन, सशक्तिकरण और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। यह दिखाता है कि भारतीय सेना देश के हर कोने तक पहुँचने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि हर प्रतिभाशाली युवा को बराबरी का अवसर मिल सके। जैसे-जैसे कारवां आगे बढ़ता है, यह साथ लाता है एक प्रेरणादायक संदेश- बड़े सपने देखो।

# भाजपा सरकार पर बरसे पूर्व सांसद विशम्भर प्रसाद, पीडीए पंचायत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आवाहन पर राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व सांसद विशम्भर प्रसाद निषाद ने ललितपुर पहुंचकर निषाद समाज के लोगों के बीच पीडीए पंचायत की। जहां कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने की। इस दौरान पूर्व सांसद एवं पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विशम्भर दयाल मिश्रा ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सपा सरकार के शासन काल में चलायी गई गरीबों के हित की योजनाओं को भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है। उन्होंने सरकार की निंदा करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में सपा को मजबूत किए जाने पर बल दिया गया। कहा कि समाजवादियों का इतिहास शुरू से ही संघर्ष व कमजोर लोगों को अधिकार



दिलाने का रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सत्ता के मद में चूर है। जो कुर्सी के लिए लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकारों, पार्टियों को ईडी, सीबीआई आदि के सहारे तोड़ कर सत्ता हासिल करने में लगी है। भाजपा देश को धर्म के नाम पर बांटना चाहती हैं। भाजपा सरकार में महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, लूट, हत्या चरम पर है। वहीं प्रदेश सचिव दीपाली रैकवार ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार में महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, लूट, हत्या चरम पर है। यदि प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाना है, तो विधानसभा चुनाव में सपा के अधिक से अधिक विधायक बनाएं और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत कराना होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पीडीए सामाजिक एकता समरसता की शपथ ली। जिला महासचिव डा. शिशुपाल सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष भजन लाल कुशवाहा, ज्योति सिंह लोधी, विनोद रैकवार, पुष्पेन्द्र कश्यप, छक्की लाल रैकवार आदि मौजूद थे।

सिक्योरिटी गार्ड की शिकायत पर मामला दर्ज

# खडोवरा के सौर ऊर्जा प्लांट से दो बार केवल व सामान की चोरी


हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खडोवरा में लगे हुए एक सौर ऊर्जा प्लांट से दो बार केवल और अन्य सामान चोरी हो गया, जिस कारण प्लांट का काम बाधित हुआ। उक्त मामला संज्ञान में आने के बाद सिक्योरिटी गार्ड ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। जनपद कानपुर के अंतर्गत थाना रावतपुर के ग्राम शिवपुरी निवासी अरविंद कुमार पुत्र केशव राम जयसवाल ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह गुडग़ांव की इनेविजन लिमिटेड कंपनी में एरिया आफिसर के पद पर कार्यरत है और कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खडोवरा स्थित सूर्य ऊर्जा पूर्व प्राइवेट लिमिटेड प्लांट में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में तैनात है। 18 जून को वह जब ड्यूटी पर तैनात था, तभी सुबह करीब 6:30 बजे पता चला



कि प्लांट के स्ट्रिंग केवल लगभग 200 मीटर चोरी हो गई है, जिसमें लगभग 200 पीस एमसी-4 कनेक्टर और 65 पीस वाई कनेक्टर लगे हुए थे, जिसकी वजह से प्लांट का काम बाधित हुआ है। इस दौरान जब उसने पड़ताल की तो उक्त सूचना सही पाई गई। इसके बाद 29 जून को सुबह 11 बजे पता चला कि प्लांट में स्ट्रिंग केवल लगभग 1500 मी एक बार फिर चोरी हुई, जिसमें लगभग 200 पीस एमसी 4 कनेक्टर लगे हुए थे। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले में लेकर सिक्योरिटी गार्ड द्वारा दिए गए शिकायती पत्र पर मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## जन अभियान परिषद स्थापना दिवस पर स्वैच्छिकता पर्व का आयोजन



**शिवपुरी**। स्वैच्छिकता और सामुहिकता के भाव को समाज में स्थापित करने के उद्देश्य से गठित म प्र जन अभियान परिषद् का स्थापना दिवस 04 जुलाई के अवसर पर स्वैच्छिकता पर्व कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस माधव राव सिंधिया महाविद्यालय के विधि विभाग के सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ शिक्षाविद मधुसूदन चौबे, विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता भरत अग्रवाल, अमित भार्गव अध्यक्ष जन भागीदारी समिति महाविद्यालय, प्रो दिग्विजय सिंह सिकरवार, अध्यक्षता डॉ. पवन श्रीवास्तव प्राचार्य महाविद्यालय, डॉ रीना शर्मा जिला समन्वयक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया जन अभियान परिषद की स्थापना दिवस केपर आयोजित स्वैच्छिकता पर्व की रूपरेखा एवं परिषद की कार्य संकल्पना से सभी को अवगत कराया।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने जिले की टॉपर छात्रा को 5000 देकर किया

# जिले के 2956 मेधावी छात्रों के खाते में पहुंची लैपटॉप की राशि, बच्चे हुए खुश

हरिभूमि न्यूज ⏭शिवपुरी

प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 फ़ीसदी या अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि वितरण के जिलास्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन शहर के मानस भवन में किया गया। इस दौरान भोपाल में मुख्यमंत्री मोहन यादव के एक क्लिक पर जिले के 2956 छात्र-छात्राओं के खाते में 25-25 हजार की राशि पहुंच गई। इस तरह जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं को 7 करोड़ 39 लाख की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिए मिल गई। शुक्रवार को मानस भवन में भोपाल से प्रसारित होने वाले कार्यक्रम के लाइव प्रसारण की व्यवस्था द्वारा की गई थी। कार्यक्रम के अंत में भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव द्वारा जिले की टॉपर सरकारी स्कूल की छात्रा मानसी तिवारी को 5000 देकर सम्मानित किया गया। हालांकि प्रभारी मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जोड़कर छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी।



### विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनने में मिलेगी मदद

शहर के मानस भवन में शुक्रवार को जिला कलेक्टर के निर्देशन में आयोजित हुए लैपटॉप वितरण समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े प्रभारी मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर का कहना था कि सरकार की इस योजना से विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जो वादे किए गए हैंए उनको वह एक.एक कर पूरे कर रही है।सभी छात्र.छात्राएं प्रदेश सरकार की साइकिलए गणवेश व स्कूटी वितरण जैसी योजनाओं का लाभ लेकर अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव का कहना था कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति लागू कर जो कार्य किया है वह अनुकरणीय है।छात्र.छात्राओं को जो लैपटॉप की राशि का वितरण किया गया है उसका वह सदुपयोग करें। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष जाटव द्वारा जिले की टॉपर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल धोलागढ़ की छात्रा मानसी तिवारी को 5000 देकर पुरस्कृत किया गया।

## छात्राओं से सुनी समस्याएं

# बालिका छात्रावासों का किया गया निरीक्षण



**कोलारस**। कोलारस पुलिस-प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल करते हुए बालिका छात्रावासों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला डेस्क प्रभारी सावित्री लकडा द्वारा कोलारस नगरीय क्षेत्र में संचालित बालिका छात्रावासों का गहन निरीक्षण कर वहां अध्यनरत सभी छात्राओं से संवाद किया और उनकी मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी विचार-विमर्श किए गए। टीआई रवि चौहान द्वारा कोलारस नगरीय क्षेत्र के सभी बालिका छात्रावासों व कोचिंग सेंटरों के निरीक्षण की पहल करते हुए महिला डेस्क प्रभारी सावित्री लकडा को पुलिस टीम सहित शासकीय कन्या उच्चतर मध्यमिक वियालय, बालिका छात्रावास, शासकीय अनूसूचित जाति कन्या उत्कृष्ठ छात्रावास कोलारस सहित अन्य सभी छात्रावासों का निरीक्षण के लिए भेजा। उक्त निरीक्षण में बालिकाओं के शोषण और सुरक्षा को लेकर सभी से विशेष चर्चा की गई। साथ ही यदि बालिकाओं को छात्रावासों में किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो महिला डेस्क प्रभारी ने सभी छात्राओं को अपना मोबाइल नंबर देकर उनसे संपर्क करने की समझाइश दी। इस प्रकार के निरीक्षणों से छात्राओं को सुरक्षा का भाव महसूस होता है। पुलिस.प्रशासन द्वारा लगातार ऐसे निरीक्षण किए जाने से छात्रावासों में निवासरत बालिकाओं के हौंसले भी मजबूत होते हैं।

### इनका कहना है

बालिकाओं की सुरक्षा की द्रष्टि के लिए हमने महिला डेस्क प्रभारी को पुलिस टीम के साथ छात्रावासों, स्कूलों व कोचिंग सेंटरों के निरीक्षण के लिए भेजा था। उक्त निरीक्षण समय-समय पर होते रहेगेंए ताकि किसी भी प्रकार से बालिकाओं का शोषण न हो।

**रवि चौहान,** टीआई कोलारस

## बीपीसीएल बीना रिफाइनरी का स्वच्छता पखवाड़ा

# चौथे दिन 60 बच्चों ने लिखे निबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭बीना

स्वच्छ भारत अभियान के तहत बीपीसीएल बीना रिफाइनरी द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। पखवाड़ा के चौथे दिन शुक्रवार को ग्राम आगासौद में वॉकथॉन का आयोजन किया गया। जिसमें 55 बच्चों ने भाग लिया तथा ग्राम देहरी एवं पटकुई में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 60 बच्चों ने भाग लिया। इसके अलावा ग्राम बन्डोरा, पटकुई, कठाई, नेहरोन, धनोरा, में बच्चों से स्वच्छता पर चर्चा की गई। साथ ही उन्हें जागरूक किया गया कि हम अपने गांव व अन्य स्थानों को स्वच्छ एवं सुंदर रखेंगें। ग्राम कठाई व मूडरी में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 70 बच्चों ने भाग लिया एवं ग्राम भाखरई और ढिमरोली में मोबाइल वैन के माध्यम से हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों का इलाज किया गया।




# ऑपरेशन आहट में किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭बीना

आरपीएफ के द्वारा मानव तस्करी, बाल भिक्षावृत्ति और बाल श्रम जैसी सामाजिक बुराइयों की रोकथाम के लिए स्थानीय स्टेशन पर ऑपरेशन आहट के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान के दौरान स्टेशन परिसर एवं ट्रेनों में यात्रियों को बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम, मानव तस्करी के खतरों तथा बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। यात्रियों को जानकारी दी गई कि यदि स्टेशन या ट्रेन में कोई लावारिस, गुमशुदा या बाल श्रम करता बच्चा दिखे तो तत्काल रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 या चाइल्ड लाइन नंबर 1098 पर सूचित करें। अभियान के दौरान ट्रेन नंबर 11407, 18238 तथा 20414 की गहन जांच की गई। जांच में किसी प्रकार का लावारिस, गुमशुदा अथवा बाल श्रम में लिप्त बच्चा नहीं पाया गया। यह अभियान यात्रियों में सकारात्मक संदेश प्रसारित करने और समाज में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रहा। इस अभियान का नेतृत्व रेलवे सुरक्षा बल स्थानीय पोस्ट उप निरीक्षक धर्मेंद्र एवं सहायक उप निरीक्षक हसन खान ने किया। अभियान में आवाज संस्था की कोऑर्डिनेटर मालती एवं उनके स्टाफ ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

